सुविचार

रात में सोने से पहले 20 मिनट भगवान का नाम जप कर, या भगवद्‌गीता पढ़ कर सोएं। भोजन करते समय केवल भगवान का या उनके नाम. का चिंतन करें।

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

Reg. No. MH180326353

# पदमावत मीडिया

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 116 ● मुंबई, मंगलवार 24 दिसम्बर-2024 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 02 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## खबर संक्षेप

### डीएसओ भटनागर को मिलेगा राज्य स्तरीय कंज्यूमर केयर अवार्ड

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उदयपुर के जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर को राज्य स्तरीय कंज्यूमर केयर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया जाएगा। उपभोक्ता मामले विभाग के उपनिदेशक संजय झाला ने बताया कि राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर रसद विभाग द्वारा उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर को प्रोत्साहित करने के लिए विभाग द्वारा कंज्यूमर केयर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर झालाना डूंगरी जयपुर में आयोजित होगा।

### प्रतियोगी परीक्षाओं में व्याख्याताओं की ड्यूटी पदानुरूप लगाने को लेकर रेसला का ज्ञापन



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ रेसला ने जिला कलक्टर को आज ज्ञापन देकर प्रतियोगी परीक्षाओं में व्याख्याताओं की पदानुरूप ड्यूटी लगाने की मांग की है। रेसला उदयपुर के जिला अध्यक्ष गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि पिछले कुछ समय से निरन्तर व्याख्याताओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में वीक्षक के तौर पर लगाया जा रहा है जबकि व्याख्याता राजपत्रित अधिकारी वर्ग का पद है, जिनको वीक्षक के पद पर लगाया जाना सर्वथा अनुचित और पद की गरिमा के प्रतिकूल है।पूर्व में भी प्रतियोगी परीक्षाओं में व्याख्याता संवर्ग की सेवाएं पदानुरूप पर्यवेक्षक एवं अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक के रूप में ली जाती रही हैं। महामंत्री ऋषिकेष डी गामोट ने बताया कि व्याख्याता संवर्ग के अधिकारियों की सेवाएँ पदानुरूप पर्यवेक्षक एवं अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक के रूप में प्रतियोगी परीक्षाओं में ली जावें न कि वीक्षक के रूप में। इसी क्रम में आरपीएससी द्वारा आगामी दिनांक 28.12.2024 से 31.12.2024 तक वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा में व्याख्याताओं को वीक्षक लगाया गया है, उसे भी निरस्त करते हुए पदानुरूप दायित्व दिए जाने की मांग की है।सोमवार शाम को ज्ञापन देने के लिए बड़ी संख्या में रेसला के सदस्य उपस्थित रहे जिनमें डॉ गणेश कलाल,प्रवीण औदिच्य,कमलेश वर्मा, भूपेंद्र पूर्बिया तथा नरेंद्र श्रीमाली उपस्थित रहे।

### जैन सेवा मंडल बैगलोर द्वारा एफकेसीसीआई परिसर में हेल्थ इज वेल्थ कार्यक्रम का जोरदार आगाज हुआ



● पदमावत मीडिया

इस अवसर पर क़रीब 250 लोगों ने भाग लिया । इसका शुभारंभ महावीर गुलेचा ने किया । कार्यक्रम में विशेष अतिथि रुप में एफकेसीसीआई के अध्यक्ष बालकृष्णा अंतर, राज्य कमेटी चेयरमैन पी हैस राजपुरोहित, संयोजक जयंतीलाल बालर, स्पीकर अरुण ऋषि का सम्मान मंडल के कार्यकर्ताओं मदनलाल, कैलाशकुमार कीर्तिकुमार, महावीरकुमार, प्रकाश नाहर, वीरचन्द, रमेशकुमार, कांतिलाल, सुरेशकुमार कांतिलाल सोफाडिया, हेमंत आदि सदस्यों ने किया । सचिव प्रकाश भोजाणी ने कार्यक्रम की शुरुआत की । अध्यक्ष वसंत वेदमुथा ने संस्था के 1988 में गठन तथा बैंगलोर में बनने वाले कत्लखाने को रोकने हेतु जैनाचार्य भुवनभानु सूरि के मार्ग दर्शन में हुई कारवाई, अनेक संघ संस्थाओं के सहयोग से कत्ल खाना बंध कराने में सफलता मिली, शाकाहार सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ, स्कूलों में बच्चों को अंडे देने से रोकने में सफलता मिली, नोट बुक वितरण, स्कूलों में फीस का कार्य निरंतर 36 वर्षों से चल रहा है । इसी प्रकार 45 कल्याणक भूमि का संघ मई में लेकर जाने का विचार चल रहा है । आज के कार्यक्रम के स्पीकर ने बिना दवाई के स्वस्थ कैसे रहे, इस विषय-वस्तु पर क़रीब 120 मिनट तक वीडियो क्लिप के माध्यम से समझाया। लोगो ने इस कार्यक्रम की खूब सराहना की । सभी स्वास्थ्य प्रेमियों को धन्यवाद कार्यकर्ता पदम ने दिया ।

## उदयपुर जिले में थाना बेकरिया पुलिस की कार्रवाई

# सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दस महीनों से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** जिले में करीब 10 महीने पहले बेकरिया थाना क्षेत्र से एक महिला को अगवा कर बंधक बना सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में घटना के वक्त से फरार चल रहे आरोपी विक्रत पुत्र अमराराम निवासी जामेला फली पीपला सेवाड़ी, बाली जिला पाली को थाना पुलिस की टीम ने डिटेल कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 10 फरवरी को एक महिला द्वारा रिपोर्ट दी गई कि 29 दिसम्बर, 2023 को वह घरेलु सामान लेने मालवा का चौरा आई थी। दिन में 02.00 बजे नेशनल हाईवे 27 पीचसी के निकट दो व्यक्ति एक बाइक लेकर आये। दोनों ने उसे रोका और जबरन बाइक पर बैठाने लगे। विरोध करने पर धारदार हथियार सुरा से डरा कर मोटरसाइकिल पर बैठा बिजापुर बाली ले गये। जहां एक घर में ले जाकर आरोपी विक्रम गरासिया व उसी के गांव के शान्ताराम गरासिया ने उसे बंधक बना लिया। जहां विक्रम ने उसके साथ दुष्कर्म किया और पत्नी बनाने की नियत से उसे गुजरात ले गया। 02 फरवरी को वह भाग कर अपने घर पहुंची और परिजनों को सारी बात बताई। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। एसपी गोयल द्वारा जघन्य अपराधों के मामले में फरार अभियुक्तों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत एएसपी गोपाल स्वरूप मेवाडा व सीओ राजेन्द्र सिंह, के सुपरविजन एवं एसएचओ उत्तम सिंह के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी सहयोग से मामले में घटना के वक्त से फरार आरोपी विक्रम गरासिया को डिटेन कर पुछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

## किदवई नगर में हुई चोरी की घटना का हुआ खुलासा

# चित्तौड़गढ़ जिले में थाना कोतवाली पुलिस की कार्रवाई में चार लाख रुपये सहित एक आरोपी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया



**जयपुर/चित्तौड़गढ़।** शहर के किदवई नगर से नगद रुपयों की चोरी के मामले का खुलासा करते हुए कोतवाली थाना पुलिस ने एक आरोपी संतोष सिंह जाटव पुत्र सोमवीर सिंह (29) निवासी गंगावली थाना अरनिया जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर चोरी के चार लाख रुपये बरामद कर लिये है। हरियाणा मार्केट की ऊनी वस्त्रों की दुकान के मालिक ने बिक्री के रुपये जमा कर रखे थे। उन्ही के मार्केट में काम करने वाले ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि 15 दिसम्बर को हाथरस उत्तर प्रदेश निवासी हीरालाल उर्फ गुड्डू नायक ने थाना कोतवाली पर दी अपनी रिपोर्ट में बताया कि रोडवेज बस स्टेण्ड के पास हरियाणा मार्केट में वह अपने दोस्त के साथ ऊनी वस्त्रो की दुकाने लगाते है। सभी मार्केट वालो ने किदवई नगर में रईस अहमद नीलगर का मकान किराये पर ले रखा है। शाम को कमरे का ताला तोड़ अज्ञात चोर लाखो रुपये नगद चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर चोरी की घटना का खुलासा करने के लिए एएसपी सरिता सिंह एवं डीएसपी विनय चौधरी के निर्देशन व एसएचओ कोतवाली संजीव स्वामी के नेतृत्व में एएसआई हरवीर सिंह, कांस्टेबल सुनिल, प्रहलाद, जीतराम एवं साईबर सेल से हैड कांस्टेबल राजकुमार की टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा शहर चितौड़गढ़ में लगे हुऐ सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण कर तकनीकी साक्ष्य एवं ह्युमन इंटेलीजेंस का उपयोग करते हुऐ चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी संतोष जाटव को उसके गांव गंगावली से डिटेन कर पूछताछ की। पूछताछ करने पर इसके घटना करना कबूल करने पर गिरफ्तार किया जाकर चोरी के चार लाख रुपये नकद बरामद किये गये। मामले में गिरफ्तार आरोपी संतोष जाटव को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया।

## जिले में सुशासन सप्ताह 2024 - प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत झल्लारा में आयोजित हुआ शिविर

● पदमावत मीडिया



**सलूंबर।** जिले में प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार व जन अभियोग निराकरण विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को झल्लारा पंचायत समिति में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न राजकीय विभागों के अधिकारियों कार्मिकों द्वारा जन शिकायतों का निस्तारण किया गया एवं नागरिकों हेतु तत्काल सेवा प्रदायगी सुनिश्चित की गई। बीडीओ दिनेश चंद्र पाटीदार ने बताया कि ''प्रशासन गांव की ओर'' अभियान 2024 के अंतर्गत झल्लारा पंचायत समिति में आयोजित शिविर में आमजन की शिकायतों के निस्तारण एवं विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं की तत्काल प्रदायगी सुनिश्चित की गई और इस दौरान संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण भी किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे और ज्यादा से ज्यादा संख्या में आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण किया गया।

### आज जयसमंद पंचायत समिति में आयोजित होगा शिविर

सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान के अंतर्गत 24 दिसंबर को जयसमंद पंचायत समिति में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## युवाओं को नगर निगम उदयपुर द्वारा प्रशिक्षण हेतु करना होगा माय भारत पोर्टल के माध्यम से आवेदन

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत इनिशिएटिव के अंतर्गत युवाओं को नगर निगम विभाग की गतिविधियों से रूबरू करवाने के लिए ''माय भारत पोर्टल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। नेहरू युवा केंद्र उदयपुर के जिला युवा अधिकारी ने बताया कि इच्छुक 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को एक्सपेरेंशियल लर्निंग प्रोग्राम के तहत नगर निगम उदयपुर द्वारा 6 जनवरी 2025 से एक माह तक विभागीय गतिविधियों का व्यावहारिक अनुभव दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नगर निगम के कार्यों की बारीकियों को समझाना और माननीय प्रधानमंत्री के सेवा से सीखे विजन के तहत युवाओं को समाज और विभाग के साथ जोड़ना है। आवेदन प्रक्रियाः युवाओं को सबसे पहले माय भारत पोर्टल पर अपनी प्रोफाइल बनानी होगी और उदयपुर जिले के एक्सपेरेंशियल लर्निंग टैब में नगर निगम विभाग के लिए आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि-5 जनवरी 2025। प्रशिक्षण की विशेषताएंः चयनित युवाओं को माय भारत किट दी जाएगी। प्रशिक्षण पूरा होने पर प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक

● पदमावत मीडिया



**प्रतापगढ़।** मिनी सचिवालय परिसर में सोमवार को जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों से दैनिक जनसुनवाई, सम्पर्क पोर्टल, रात्रि चौपाल के प्रकरणों सहित विभिन्न योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने डेंगू, मलेरिया व अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के संबंध में स्वास्थ्य विभाग को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन योजना को लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व विद्युत विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर जनसमस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि आंवटन के सभी प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आत्म हत्या व सड़क दुर्घटना की रोकथाम को लेकर नियमित रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर परसाराम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीवराज मीणा सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# बीएन में प्रसिद्ध कानूनविद डॉ.एच.सी. गनेशिया का व्याख्यान

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** शिक्षा संकाय भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय उदयपुर के तत्वाधान में डॉ.एच. सी.गनेशिया का व्याख्यान हुआ। सर्वप्रथम शारीरिक शिक्षा संकाय अधिष्ठाता डॉ भूपेंद्र सिंह चौहान ने डॉ गनेशिया का एक विस्तृत परिचय प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह भारत के प्रसिद्ध कानूनविद, विश्व हिंदी साहित्य परिषद के कुलाधिपति, एक्ट एंड रूल अपडेट एवं रेवेन्यू कमेटी के चेयरमैन तथा विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। डॉ गनेशिया को विश्व के कई देशों में विश्व की महान हस्तियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। डॉ गनेशिया ने छात्रों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए सतत प्रयास के विभिन्न उदाहरण प्रदान करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के मार्ग बताएं। डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड़, विश्वविद्यालय कुलसचिव ने धन्यवाद प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ सीमा शर्मा तथा उपस्थित समस्त स्टाफ की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।कार्यक्रम के दौरान शिक्षा संकाय तथा शारीरिक शिक्षा संकाय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। शिक्षा संकाय द्वारा आयोजित कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बी एन संस्थान के कर्नल प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत कार्यवाहक अध्यक्ष, प्रो. महेंद्र सिंह आगरिया मंत्री तथा मोहब्बत सिंह राठौड़ प्रबंध निदेशक ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## देश का प्रकृति परीक्षण अभियान

# पीडब्ल्यूडी के सैकडों कार्मिकों का हुआ प्रकृति परीक्षण

● पदमावत मीडिया



**जयपुर।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शुरू किये गये देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत सोमवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग मुख्यालय में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के द्वारा कार्मिकों के प्रकृति परीक्षण के लिए कैम्प आयोजित किया गया। संस्थान के पंचकर्म विशेषज्ञों ने सैकडों कार्मिकों का प्रकृति परीक्षण कर उन्हें आहार-विहार के बारे में समझाया और चिकित्सा परामर्श दिया।

अभियान के बारे में जानकारी- उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा नेशनल कमिशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसन के साथ 26 नवम्बर, 2024 से 25 दिसम्बर, 2024 तक देश का प्रकृति परीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य लोगां को उनकी प्रकृति (शारीरिक संरचना) के बारे में समझाते हुए स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूक करना है। डाइट एवं जीवनशैली की रिपोर्ट एप पर तत्काल उपलब्ध अभियान के तहत लाभार्थी व्यक्ति से प्रकृति परीक्षण एप मोबाइल में डाउनलोड करवाया जाता है। लाभार्थी से उसके शरीर और जीवनशैली सम्बंधित 22 सवाल आयुर्वेद चिकित्सक द्वारा पूछे जाते हैं। उसके जवाबों के आधार पर उसकी प्रकृति का निर्धारण होता है। इसके साथ ही लाभार्थी को उसकी प्रकृति के अनुकूल व्यक्तिगत डाइट प्लान, जीवनशैली सम्बंधी सुझाव एप पर प्राप्त होते हैं। लाभार्थी को उसकी प्रकृति का प्रमाण पत्र भी प्राप्त होता है। शिविर के दौरान डॉ. मीना यादव, डॉ. विनीता, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. अभिषेक एवं चार तकनीशियन की टीम ने प्रकृति परीक्षण किया।

# छः साल से सड़क पर गड्डे ओर उडती धूल से राहगीर परेशान

● पदमावत मीडिया

संवाददाता दीपक शर्मा



**कानोड़ ।** नगर पालिका क्षेत्र हनुमान मंदिर से थाने तक की सड़क पर बडे बडे गड्डों से राहगीर परेशान है दिनभर वाहनों की आवा-जाही के करण उड़ती धूल से सड़क किनारे बने घरों में धूल जमा हो रही है पर इस ओर प्रशासन का कोई ध्यान नहीं। सरकारें और नगर पालिका के बोर्ड बदलते रहे पर इस बदलाव के साथ ही आरोप-प्रत्यारोप करने वालों के मत भी बदलते रहे पर समस्या का समाधान 6 साल व्यतीत होने पर भी नहीं हुआ। इस विषय पर नगर के युवाओं के संगठन बजरंग सेना के प्रमुख बजरंग दास ने बताया कि वर्ष 2017 में तात्कालिक भाजपा बोर्ड में सडक का निर्माण हुआ जो घटिया निर्माण से सड़क तीन माह में ही टूट गई जिस पर पालिका कि ओर से ठेकेदार को नोटिस दिया गया। ओर पालिका के तात्कालिक बोर्ड ने बील का भुगतान नहीं किया, लेकिन जब कांग्रेस का बोर्ड बना तो ठेकेदार ने उसी सड़क पर सामान्य पेंजवर्क कर दिया ओर बील का भुगतान प्राप्त कर लिया । लेकिन वह पेंजवर्क पन्द्रह दिन में ही टूट गया । तात्कालिक विधायक प्रिति गजेंद्र सिंह शक्तावत ने आश्वासन दिया कि जल्द सड़क का निर्माण होगा। पर अपने अट्ठारह माह के कार्यकाल में सड़क का निर्माण नहीं करवा सकी। अक्टूबर 23 से 26 तक बजरंग सेना ने सडक निर्माण की मांग को लेकर आन्दोलन किया तब वर्तमान विधायक उदय लाल डांगी ने दस दिन में सड़क निर्माण का आश्वासन दिया। लेकिन यह भी कोरा आश्वासन ही रहा, तब आक्रोशित भाजपा पार्षद अपनी मांगों को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गए तो प्रशासनिक अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सड़क की प्रशासनिक स्वीकृति हो गई अब तकनिकी व वित्तीय स्वीकृति बाकी है जल्द ही सड़क निर्माण होगा, पर इस आश्वासन के बाद भी कुछ नहीं हुआ। वर्तमान बोर्ड के कार्यकाल के समापन से ठीक तीन दिन पहले 25 नवम्बर को विधायक उदय लाल डांगी ने बोर्ड बैठक कर फिर आश्वासन दिया कि जल्द सडक निर्माण होगा पर यह भी आश्वासन ही रहा । विधायक ने बोर्ड बैठक में कई आश्वासन दिए ओर कहा कि अगले ही दिन नए काम की निविदा निकाली जाए ओर जल्द काम शुरू किए जाए पर बोर्ड बैठक को एक माह व्यतीत होने को है पर इन आश्वासनों पर एक कदम भी न चल सके, पर उड़ती धूल से लोगों को परेशानी से कोई राहत न मिली।

सडक पर उडती धूल व बडे बडे खड्डों से राहगीर परेशान है । आश्चर्य की बात तो यह है कि सबको सुरक्षा का आश्वासन देने वाला कानोड़ थाना इसी टूटी सड़क के किनारे है जो की अपने वाहन जल्दी नहीं ले जा सकते । थानाधिकारी इस समस्या से परेशान तो है पर राजनितिक आश्वासन से आशातीत जरूर है।

# मेंवल क्षेत्र की डांगी पटेल समाज की 8वीं क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



● पदमावत मीडिया

कार्यालय संवाददाता ईश्वरलाल सुथार

**डूंगरपुर।** मेंवल क्षेत्र की डांगी पटेल समाज की 8 दिन की प्रतियोगिता में 49 टीमों ने भाग लिया। कमेटी के अध्यक्ष लालूराम पटेल व सचिव भंवर पटेल समेत सभी पदाधिकारी ने उपस्थित रहकर दीप प्रचलित कर उद्घाटन मैच का श्री गणेश किया। अंबागढ़ वर्सेस सोमेखेड़ा बीच पहला मैच खेला गया, दिन भर 6 मैच हुए। 31 दिसंबर के समापन के दिन 10वीं और 12वीं के 70त्न से को बालक बालिकाओं को परितोषित दिया जाएगा। विविध राजकीय सेवा में चयनित होने वाले कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्ति वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। 31 दिसंबर को भोजन की व्यवस्था सैदरी के भाइयों की तरफ से रहेगी। भागजी धन्नावत, प्रेमजी पीतावत, नाथूलाल हरकावत, पूजीलाल हरकावत, लालूराम हरकावत इन भाइयों की और से भोजन की व्यवस्था की गई है साथ ही जय अंबे नवयुवक मंडल बनोडा सेदरी पूरी व्यवस्था में रहेगा।

# राठवा, रौफ और चरी जैसे फोक डांस पर झूमे दर्शक

- मुक्ताकाशी मंच पर दिखा विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों का सतरंगी संगम
- आज आएंगे पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा हवाला स्थित शिल्पग्राम में चल रहे दस दिवसीय शिल्पग्राम महोत्सव के तीसरे दिन सोमवार को मुक्ताकाशी मंच पर सैकड़ों दर्शन विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों और अन्य फोक प्रस्तुतियों के गवाह बने। साथ ही, लोक धुनों पर खूब जमकर झूमे। शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी मंच पर छत्तीसगढ़ के लोक कला के प्रतीक पंडवानी गायन की प्रस्तुति से शुरू हुआ लोक के रंग-लोक के संग का कार्यक्रम जब गुजराती आदिवासी डांस राठवा की धूम के साथ पूर्णता पर पहुंचते पहुंचते दर्शकों में जोश, उमंग के साथ ही संस्कृति के सम्मान की भावना हिलोरें लेते दिखी। हिमाचल प्रदेश के सिरमौरी नाटी और कर्नाटक के देवी उपासना के नृत्य पूजा कुनिथा ने जहां शिल्पग्राम का माहौल भक्तिरस से सराबोर कर दिया, वही गोवा के देखनी डांस की लयकारी और सुंदर प्रस्तुति ने दर्शकों को मोहित कर दिया। कश्मीर के लोक नृत्य रौफ में डांसर्स के सुंदर समन्वय और बुमरो बुमरो... के गीत-संगीत पर दर्शक खूब झूमे। इनके साथ ही महाराष्ट्र के लावणी डांस की धुन के साथ दर्शक डांसर्स से लय मिलाते दिखे। गुजरात के तलवार रास ने जहां देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले शहीदों के युद्ध कौशल के प्रदर्शन से दर्शक खूब रोमांचित हुए, तो मणिपुरी लाई हारोबा डांस ने लोगों का मन जीतने के साथ ही खूब तालियां बटोरी। इन प्रस्तुतियों के बीच राजस्थान के बारां जिले के ठेठ आदिवासी अंचल की जनजाति सहरिया के लोक नृत्य ने होली का स्वांग पेश कर अपनी अलग ही छाप छोड़ी। इस डांस में नर्तकों की भाव भंगिमाओं से दर्शक सम्मोहित से हो गए, वहीं डांस के दौरान कई मर्तबा झूमते और भावनाओं में बहते दिखाई दिए। इन प्रस्तुतियों के दौरान सौरभ भट्ट निर्देशित ÷स्किट÷ ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। इसमें सौरभ भट्ट, आसिफ, महमूद और अभिषेक झांकल की एक्टिंग काबिल ए दाद रही।

**सहरिया डांस–** इस डांस में नायिका होली के दिनों में अपने परदेश गए पिया की विरह में दुखी होती है और गाती है, ÷होरी खेलत में नथ मेरी खो तो गई सोने की, नथ मेरी सोने की, मेरे पिया बिना पीतल की।÷ उसके साथ सभी वन्य जीवों के भेष में नर्तक नाचते हैं, हास्य-ठिठोली करते हैं, उसे उसके पति के नाम से चिढ़ाते हैं। सहरिया जनजाति की परंपरा में यह डांस पूरी-पूरी रात चलता है, जिसमें पिया के विरह का दुख और अंत में मिलन का सुख दर्शाया जाता है। टीम लीडर गोपाल धानुक बताते हैं कि यह डांस तीन प्रकार का होता है, जिनमें देवी की उपासना का नृत्य चैत्र और शारदीय नवरात्रि के नौ दिन होता है, वहीं होली के त्योहार पर पूरे फाल्गुन माह में यह डांस सहरिया लोगों के गांवों में चलता है। शिल्पग्राम महोत्सव में होली वाला नृत्य दिखाया गया। गोपाल बताते हैं कि इस डांस को सार्वजनिक रूप से सामने लाने और जनजाति के नर्तकों को प्रशिक्षित करने का श्रेय पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान को जाता है। वे ही जब 2011-12 में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में थे उस वक्त हमें गांव से यहां लाए थे और आज यह लोक नृत्य समूचे भारत में अपनी पहचान बना चुका है।

### आज पंजाब के राज्यपाल कटारिया देखेंगे महोत्सव-

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया मंगलवार शाम शिल्पग्राम का दौरा करेंगे। इस दौरान वे गोल्फ कार्ट पर शिल्पग्राम परिसर का अवलोकन करेंगे। इसके बाद मुक्ताकाशी मंच पर दीप प्रज्वलन के बाद लोक कला प्रेमियों को संबोधित करेंगे। साथ ही, मंच पर लोक संस्कृति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां देखेंगे। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान उनका स्वागत करेंगे।

### 'हिवड़ा री हूक' में उमड़ रही प्रतिभाएं-

'हिवड़ा री हूक' कार्यक्रम का रविवार से आगाज हो गया। बंजारा मंच पर चल रहे इस कार्यक्रम में हर संगीत प्रेमी को अपनी प्रतिभा दिखाने का पूरा मौका मिल रहा है। यह प्रोग्राम किसी ऐप पर या घर में लोक गीत या गाने गाकर अपने दिल की हूक यानी कसक मिटाने वाले हर उम्र के मेलार्थी को मंच प्रदान कर रहा है। यह 'हूक' प्रोग्राम 29 दिसंबर तक रोजाना दिन में 12 बजे से दोपहर 4 बजे तक चलेगा। 'हिवड़ा री हूक' में प्रस्तुतियों के दौरान सांस्कृतिक प्रश्नोत्तरी यानी क्विज भी हर आर्ट लवर को खूब लुभा रही है। इसमें सही जवाब देने वाले कला प्रेमियों को 'शिल्पग्राम मोमेंटो' से नवाजा जा रहा है।

# बीएन में टेक्नो एकेडमिक डिपार्टमेंटल एक्टिविटीज का शानदार समापन

## प्रतिभागियों का झलका उत्साह



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के अंतर्गत संचालित डिपार्मेंट आफ कंप्यूटर साइंस एवं इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा दी बाइटकोन नेक्सस टेक्नो एकेडमिक डिपार्टमेंटल एक्टिविटीज 2024-25 का भव्य समापन विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ। आयोजन सचिव डॉ निशा तंवर ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि समापन समारोह में वाद- विवाद प्रतियोगिता के साथ ही पूर्व में संपन्न हुई समस्त गतिविधियों के पारितोषिक भी प्रदान किए गए। वाद विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ मनीषा शेखावत, डॉ हेमेंद्र सिंह शक्तावत, डॉ कंचन राणावत सम्मिलित थे, विभागाध्यक्ष डॉ खातून आफताब कत्था वाला ने बताया कि अत्यंत उत्साह एवं उमंग के साथ सभी गतिविधियां विद्यार्थियों के जोश के साथ संपन्न हुई।? इस अवसर पर विज्ञान संकाय अधिष्ठाता डॉ रेणू राठौड़ ने प्रतियोगिता में विजेता रहे सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं जीवन के संघर्ष भरे क्षणों में विद्यार्थियों को साहस प्रदान करती है, साथ ही भविष्य में आने वाली बाधाओं से लड़ने की सामर्थ भी प्रदान करती है। प्रिया शर्मा, संजू कंवर, झलक सेन, नवनीत कौर,पार्थ कश्यप, हिमांशी मठ्ठा, कीर्ति वैष्णव, शिवानी जाट, लावण्या ने आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन विशाल पालीवाल एवं पियांका सैनी ने किया। विश्वविद्यालय चेयरपर्सन कर्नल प्रो शिवसिंह सारंगदेवोत,सचिव डॉ महेंद्र सिंह राठौड़, प्रबंध निदेशक श्रीमान मोहब्बत सिंह राठौड़ एवं कुलसचिव डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड़ ने इस अवसर पर सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉ विवेक चपलोत, डॉ राजेश सोनी, डॉ महिपाल सिंह देवड़ा, डॉ प्रियंका शक्तावत, डॉ हरिओम सिंह राणावत, लेफ्टिनेंट शैलजा राणावत सहित सभी संकाय सदस्य इस अवसर पर उपस्थित रहे। यह जानकारी डॉ चंद्ररेखा शर्मा एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ कमल सिंह राठौड़ ने प्रदान की।

# टीआरआई. में आरएएस प्रीद्ध परीक्षा 2024-25 का क्रेश कोर्स शुरू

**पदमावत मीडिया, उदयपुर।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग उदयपुर की 'अमृत कलश योजना' के तहत माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा संयुक्त भर्ती परीक्षा 2024 (आरएएस-प्री) क्रेश कोर्स की नियमित कक्षाएं प्रारम्भ कर दी गयी है। टीआरआई निदेशक ओ.पी.जैन ने बताया कि टीआरआई परिसर में ''माय मिशन संस्थान'' द्वारा प्रतिदिन सायं 4 से 6 बजे तक ऑफलाइन एवं ऑनलाइन कक्षाएं प्रातः 06.30 से 7.30 एवं सायं 9 बजे से 10 बजे तक प्रतिदिन 4 घंटे सोमवार से शनिवार तक नियमित चल रही है। कक्षाओं में समसामयिक घटनाक्रम राजस्थान की कला-संस्कृति, इतिहास, भूगोल, विज्ञान एवं रीजनिंग इत्यादि की विषयवस्तु पढ़ाई जा रही है। इस कोचिंग से जुड़ने के लिए इच्छुक जनजाति अभ्यर्थी 26 दिसंबर तक अशोक नगर स्थित टी.आर.आई. कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड ने किया शिक्षा मंत्री दिलावर का स्वागत अभिनंदन

**पदमावत मीडिया, उदयपुर।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य के राज्य, संभाग व जिला मुख्यालय के पदाधिकारी द्वारा सोमवार को 12 बजे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का उनके उदयपुर प्रवास के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेजीडेंसी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वागत व अभिनंदन किया गया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्काउट एंड गाइड बालक बालिकाओं से हाथ मिलाकर उनसे परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। संभाग आयुक्त (जनसंपर्क) गोपाल मेहता मेनारिया ने बताया कि राज्य सचिव नरेंद्र ओदिच्य के नेतृत्व में राज्य संगठन आयुक्त स्काउट रिपुदमन गिल , राज्य संगठन आयुक्त गाइड कविता जैन, जिला प्रशिक्षण आयुक्त मुकेश अहीर, नरपत सिंह , जिला संयुक मंत्री तुलसी चडात, पवन राठौड़, पुष्पा मेघवाल , देवेंद्र सिंह चुंडावत सहित अनेक विद्यालयों के 70 से अधिक स्काउट एंड गाइड ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को स्वागत अभिनंदन किया।

# हनुमानगढ़ जिले में पीलीबंगा थाना क्षेत्र में फायरिंग कर भागे बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़

● पदमावत मीडिया



**जयपुर/हनुमानगढ़।** जिले के पीलीबंगा थाना क्षेत्र में रविवार को रावतसर फाटक के पास फायरिंग कर भागे तीन बदमाशों को ए श्रेणी की नाकाबंदी कर गोलूवाला थाना पुलिस की टीम ने मुठभेड़ के बाद अवैध हथियार एवं डस्टर गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से पुलिस ने एक लोडेड अवैध पिस्टल एवं दो खाली मैगजीन ज़ब्त की है। तीनों बदमाशों के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज है। एसपी अरशद अली ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू उर्फ हिटलर बेनीवाल पुत्र शिवप्रकाश बेनीवाल (32) निवासी वार्ड नम्बर 01 गोलूवाला सिहागान के विरूद्ध थाना गोलूवाला पर पूर्व मे मारपीट एवं आर्म्स के दो प्रकरण, विकास विश्नोई पुत्र दलीप कुमार (25) निवासी वार्ड नम्बर 21 मण्डी पीलीबंगा के विरूद्ध थाना पीलीबंगा पर पूर्व मे मारपीट का एक प्रकरण एवं पवन कुमार भाट पुत्र सुभाष भाट (25) निवासी वार्ड नम्बर 25 मण्डी पीलींबगा के विरूद्ध पंजाब व हरियाणा मे एनडीपीएस के कुल 3 प्रकरण दर्ज है। थाना रानियां जिला सिरसा हरियाणा मे दर्ज प्रकरण मे वाछित है। एसपी अली ने बताया कि रविवार को एसएचओ पीलीबंगा ने उन्हें सूचना दी कि पीलीबंगा मण्डी मेन रोड़ रावतसर फाटक के पास एक डस्टर गाडी में सवार दो-तीन लड़के फायर करके लोंगवाला, अयालकी रोड़ की तरफ आ रहे है, जिनका हम पीछा कर रहे है। इस पर उन्होंने तुरंत एसएचओ गोलुवाला को अयालकी के पास ''ए'' श्रेणी हथियारबंद नाकाबंदी के आदेश दिये। एसएचओ लाल बहादुर चन्द्र व उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हथियारबंद नाकाबन्दी करवाई गई। अयालकी के पास हेड कांस्टेबल सुनील कुमार मय टीम के नाकाबंदी कर रहे थे। पीलीबंगा की तरफ से आ रही उक्त डस्टर गाडी को रूकवाने का प्रयास किया तो उसमें सवार बदमाश नाकाबंदी तोडकर गोलूवाला की तरफ तेज गति से गाडी भगा ले जाने लगे। नाकाबंदी प्रभारी मय टीम ने बदमाशों का पीछा किया, इसी दौरान बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की और पुलिस गाडी को टक्कर मार क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने हिम्मत का परिचय देते हुए लगातार बदमाशों का पीछा जारी रखा व सरकारी वेपन से फायर कर कार सवार बदमाशों को काबू किया। फायरिंग के दौरान कोई जनहानि नही हुई मगर गाडी की टक्कर से पुलिस कर्मियों के मामूली चोटे आई। डस्टर सवार तीनों बदमाशों राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू उर्फ हिटलर, विकास विश्नोई पवन कुमार को काबू कर डस्टर गाडी से एक अवैध पिस्टल लोडेड व दो खाली मेग्जीन बरामद किये गये। एसएचओ लाल बहादुर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में थाना गोलूवाला से हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल संदीप कुमार व कांस्टेबल चालक हरविंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही। टीम में एएसआई विजेन्द्र कुमार, कांस्टेबल भागचंद भी शामिल थे।

# भारत विकास परिषद पद्मिनी द्वारा चिकित्सा शिविर संपन्न



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** भारत विकास परिषद पद्मिनी एवं एपिक हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में चिकित्सा शिविर का अयोजन शर्मा वीमेंस हेल्थ फिजियोथैरेपी क्लीनिक उदयपुर पर किया गया। महिला शाखा पद्मिनी से अध्यक्ष डॉ शिल्पा पामेचा ने बताया कि घुटनों एव जोड़ो के दर्द के निशुल्क परामर्श हेतु अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध सर्जन डॉ कुणाल भट्ट एवं डॉ बलदीप शर्मा के निर्देशन में आयोजित शिविर मे आमजन ने बढ़ चढ़कर लाभ लिया। इस आयोजन में कोषाध्यक्ष सोनिका चोरडिया, धनकुवर, सुमन बोराणा, प्रमिला पोरवाल, हेमा कंठालिया ,कपिला भारद्वाज, अणिमा गोस्वामी के साथ ही वात्सल्य शाखा से गजेंद्र सुराणा, गजेंद्र चौधरी, ललित चौधरी, संतोष तलेसरा, राजेंद्र सोलंकी इत्यादि जन की उपस्थिति में सफल कैंप का आयोजन किया गया एवं सभी के द्वारा अहमदाबाद से पधारे डॉ का स्वागत अभिनंदन किया गया।

# अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन जोन उमेश जोगा का दो दिवसीय जिला भ्रमण

● पदमावत मीडिया

**मंदसौर/नीमच(तुलसीराम राठौर)।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री उमेष जोगा जिला नीमच के अपराधों की समीक्षा हेतु 02 दिवसीय भ्रमण पर दिनांक 22.12.2024 को जिला नीमच पहुँचें। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया द्वारा अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन उमेष जोगा का पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक महोदय पुलिस कन्ट्रोल रूम स्थित सभाकक्ष में जिला नीमच के पुलिस अधिकारियों की आयोजित बैठक में पहुँचें। अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक महोदय द्वारा सर्वप्रथम जिलें के सभी पुलिस अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक महोदय द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं पुलिस महानिदेषक महोदय द्वारा दिये गये निर्देषों से सभी पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया जाकर माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं पुलिस महानिदेषक महोदय के निर्देषों का अक्षरषः पालन करने संबंधी निर्देष दिये गये। अपराध समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक महोदय को नीमच जिलें की भौगोलिक संरचना से अवगत कराया जाकर जिले की पुलिस इकाईयों एवं समीपवर्ती मंदसौर जिलें एवं राजस्थान के प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ एवं भीलवाड़ा जिलें से जिला नीमच के पुलिस थानों की लगने वाली सीमाओं के संबंध में जानकारी दी गयी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक महोदय द्वारा अपराध समीक्षा बैठक के दौरान जिलें में विगत् 03 वर्षो में घटित अपराधों की समीक्षा की जाकर प्रत्येक पुलिस थानें में विगत् 03 वर्षो में घटित अपराधों का सुक्ष्मता से विष्लेषण किया जाकर अपराधों के निराकरण एवं अपराधों में कमी को लेकर एस.पी. अंकित जायसवाल सहित पुरी पुलिस टीम की सराहना की गई। अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन उमेष जोगा द्वारा बैसिक पुलिसिंग के महत्व को समझाते हुए पुलिस थानें पर आने वाले फरियादियों से शालीनतापूर्ण व्यवहार करने, जनरल परेड़, सुबह एवं शाम को रोलकॉल, पुलिस की दृष्यता बनाये रखने सायः से रात्रि तक पुलिस बल की चौराहों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर तैनाती हेतु निर्देषित किया गया।

## विश्व धरोहर कला महोत्सव 2024 का भव्य समापन

# इंटेक कंवीनर गौरव सिंघवी को धरोहर संरक्षण के लिए मिला सम्मान

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** लेकसिटी के अर्बन स्क्वायर मॉल में भारत और श्रीलंका के चार दिवसीय विश्व धरोहर कला महोत्सव 2024 का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस महोत्सव ने न केवल भारतीय बल्कि श्रीलंकाई कलाकारों और धरोहर संरक्षकों को एक मंच पर लाकर सांस्कृतिक और कलात्मक संबंधों को मजबूत किया।

समारोह में उदयपुर क्षेत्रीय चैप्टर के इंटेक कंवीनर गौरव सिंघवी सहित कई कलाकारों और धरोहर संरक्षकों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। महोत्सव के तहत कस्टोडियन ऑफ हेरिटेज डिजाइन एक्सीलेंस एंड यूथ एंगेजमेंट अवार्ड से इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चर हेरिटेज - उदयपुर चैप्टर के गौरव सिंघवी को तथा लाइफटाइम एम.एफ.हुसैन अवार्ड श्रीलंका के आर्किटेक्चर और आर्ट इंस्टॉलर चमिला महंथा गमगे को, कंटूर स्टूडियो अवार्ड श्रीलंका के शिल्पकार कुशन संजय कुमार गी कियानगे,मास्टरस्ट्रोक स्टूडियो अवार्ड श्रीलंका के चित्रकार पल्लिगोडा विथानगे नमल पुष्पा कुमार को तथा द ब्रशवर्क एटेलियर अवार्ड श्रीलंका के ही चित्रकार देप तुषारा बटुविता पथिरानगे को दिया गया।

### विविध प्रस्तुतियों ने मन मोहा

इस महोत्सव के समापन समारोह में ÷रावण वध÷ का भव्य नृत्य-नाट्य प्रदर्शन और पारंपरिक अग्नि क्रीड़ा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीलंका और भारत के प्रसिद्ध कलाकारों ने इस महोत्सव में अपनी अद्भुत कलाकृतियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को प्रभावित किया। महोत्सव के तहत प्राचीन जल प्रबंधन प्रणालियों को पुनर्जीवित करना¬ भारत की जल विरासत से सबक विषय पर पैनल चर्चा में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ.कमलेश शर्मा व लोक कला मंडल के निदेशक लईक हुसैन का आयोजन किया गया।

इसी प्रकार गौरव सिंघवी,एमएमपीएस के प्रधानाचार्य मयंक त्रिवेदी व सुखाड़िया विश्वविद्यालय के वस्त्र विभाग की डॉली मोगरा ने ÷प्राचीन मंदिरों का दस्तावेजीकरण और डिजिटलीकरण¬ भावी पीढ़ियों के लिए÷ विषय पर गहन चर्चा की।

इसके साथ ही पदमश्री सम्मानित कलाकार प्रेमजी भाटिया और श्रीलंका के अन्य प्रमुख कलाकारों की सहभागिता सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और कला चर्चाओं का आयोजन इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहा।

## शिक्षा मंत्री का एक दिवसीय उदयपुर दौरा, शिक्षा में संस्कारो का समावेश हो

# मुख्यधारा से अलग होने से देश और समाज का नुकसानः शिक्षा मंत्री मदन दिलावर

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि कोई मुख्यधारा से अलग होता है तो उससे देश और समाज को नुकसान होता है। देश का कोई भी वर्ग मुख्यधारा से अलग नहीं होना चाहिए। हमारी शिक्षा में संस्कारों का समावेश होना चाहिए, यह नहीं हुआ तो शिक्षा का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा।

शिक्षा मंत्री दिलावर सोमवार को उदयपुर दौरे पर रहे जहां वे आईआईएफएल फाउंडेशन द्वारा आयोजित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रेजीडेंसी की छात्राओं को विंटर किट (स्वेटर, जूते, मोजे) वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

निरंतर प्रवाही रहता है वह पवित्र रहता उन्होंने कहा की संचय रखने वाले को नुकसान होता है और जो निरंतर प्रवाही रहता है वह पवित्र होता है, इसलिए हमें कमाए हुए धन में से कुछ धन परोपकार के लिए खर्च करना चाहिए। उन्होंने गाय के दूध का बखान करते हुए कहा कि आपके बच्चे को अच्छा बनाना है या बुद्धिमान बनाना है तो गाय का दूध ही पिलाना है। गाय का दूध पीने वाला बुद्धिमान बना है और उसको पीने वाले की लगातार प्रगति हुई है। इस साल 7 करोड़ से ज्यादा पौधरोपण, अगले मानसून में 10 करोड़ का लक्ष्य दिलावर ने कहा कि इस साल मानसून के दौरान 7 करोड़ से भी ज्यादा पौधे लगाए गए हैं। अगले मानसून में 10 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभागार में उपस्थित सभी लोगों से पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने का संकल्प दिलाया साथ ही उन्होंने अपेक्षा की कि मेवाड़ के लोग इस संकल्प पर खरा उतरेंगे। राजस्थान का हर गांव अब स्वच्छ बनेगा उन्होंने कहा कि शौचालय का शत प्रतिशत उपयोग होना चाहिए, खुले में शौच जाना बंद किया जाना चाहिए। राजस्थान का हर गांव अब साफ दिखाई देगा इसके लिए 4 हजार से ज्यादा पंचायतों में सफाई के लिए टेंडर जारी कर वर्क ऑर्डर जारी कर दिए गए है।



मीडियाकर्मियों से भी मुखातिब हुए शिक्षा मंत्री

कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि मेवाड़धरा का संपूर्ण विश्व में मान है। मेवाड़ महाराणा प्रताप, पन्नाधाय और भामाशाह की धरती है । यहां के कण-कण में देशभक्ति और सेवाभाव है। पूरा विश्व मेवाड़ की धरती से प्रेरणा लेता है।

उन्होंने कहा कि हमारा यह संकल्प है कि हर विद्यालय में खेल का मैदान हो इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार जो छात्र जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहता है उसे यथोचित राजकीय सहायता दी जाएगी। इससे पूर्व शिक्षा मंत्री दिलावर ने सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। इसके बाद सेक्टर चार स्थित सामाजिक कार्यकर्ता पंकज मेहता के घर पर पहुंच विभिन्न बुद्धिजीवियों, शिक्षक कर्मचारियों के साथ चर्चा की।

कार्यक्रम में समग्र शिक्षा के डीपीसी महेंद्र कुमार जैन तथा एडीपीसी वीरेंद्र सिंह यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा,पूर्व यूआईटी अध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, पूर्व राजसमंद विधायक बंशीलाल खटीक, गिर्वा के पूर्व प्रधान तख्त सिंह शक्तावत, समाजसेवी प्रमोद सामर, भंवर सिंह पंवार,किशन लाल खटीक,मधु जैन आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जहीर खान जैसे गेंदबाजी एक्शन से सुर्खियों में आयी सुशीला से वीडियो कॉल पर बात की

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रतापगढ़ की क्रिकेट प्रतिभा सुशीला मीणा से वीडियो कॉल पर बात की और उसके खेल के प्रशंसा की। दिलावर ने सुशीला को उसके खेल एवं पढ़ाई में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी एवं हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उदयपुर में रेजिडेंसी राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित आनंद उत्सव कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राओं के मध्य सुशीला से बात कर दिलावर ने प्रतिभाओं को यथोचित सम्मान देने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक स्कूल में खेल मैदान की सुविधा एवं खेल सामग्री की उपलब्धता के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता आईआईएफएल की ओर से भी सुशीला को समुचित सहायता प्रदान किए जाएगी। ध्यातव्य है कि प्रतापगढ़ जिले की कक्षा 5 की छात्रा सुशीला मीणा के गेंदबाजी के अंदाज को देखते हुए पूर्व क्रिकेटर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर उसकी तारीफ में एक पोस्ट की थी। उसके बाद इस क्रिकेट प्रतिभा ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा और यह सोशल मीडिया

## खेल महोत्सव के समापन पर होगा रक्तदान शिविर, सवा सौ रजिस्ट्रेशन

# संभाग स्तरीय सुथार समाज का खेल महोत्सव 25 से, दो हजार खिलाड़ी लेंगे भाग

● पदमावत मीडिया

संवाददाता ईश्वरलाल सुथार



**उदयपुर।** श्री विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार महासभा संभाग उदयपुर द्वारा 4 दिवसीय संभाग स्तरीय सामाजिक खेलकुद प्रतियोगिता द्वितीय 25 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक सुथार खेल महोत्सव रा. उ. मा. विद्यालय, सलुम्बर में आयोजित होगा। समापन दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित होगा। जिसके लिए सवा सौ से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता में उदयपुर व बांसवाड़ा संभाग के करीब दो हजार से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। विभिन्न खेल स्पर्धाओं के लिए जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। महासभा अध्यक्ष शंकरलाल माकड़सीमा व भंवरलाल थड़ा ने बताया कि खेलकूद के विशेष कार्यक्रम के दौरान 25 दिसम्बर बुधवार को उद्घाटन समारोह अतिथि बाल योगिनी शारदा नाथ महाराज देवल आश्रम सरसुनिया, उदयपुर सांसद मन्ना लाल रावत, जिला पुलिस अधिक्षक सलूम्बर राजेश यादव रहेंगे। 26 दिसम्बर गुरुवार को सायं को सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसके अतिथि पुलिस उपअधिक्षक हेरम्ब जोशी, उपखण्ड अधिकारी पर्वत सिंह चुण्डावत, नगर परिषद आयुक्त गणपत लाल खटीक रहेंगे। 27 दिसम्बर शुक्रवार को शाम को विशाल भजन संध्या एक शाम विश्वकर्मा के नाम आयोजित की जायेगी जिसमें संगीता सुथार, त्रिशा सुथार, कपिल सुथार (वागड़), गायक हर्ष सुथार, तिलकेश सुथार, भावेश सुथार आदि प्रस्तुति देंगे। अतिथि पूर्व जिला प्रमुख छगनलाल जैन, उदयपुर देहात जिला उपाध्यक्ष कैलाश गांधी, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष प्रभु लाल जैन, सीनियर सेकंडरी विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशाग्र जेन रहेंगे।

28 दिसंबर शनिवार शाम को विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसके मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा, नगर परिषद सभापति प्रद्युम्न कोडिया, नगर परिषद पार्षद धर्मेंद्र शर्मा रहेंगे। 29 दिसम्बर रविवार को समापन समारोह फाइनल मैच खेले जाएंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री, श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड राजस्थान के रामगोपाल सुथार, सलूंबर विधायक शांत देवी मीणा, सलूंबर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा, राजेन्द्र जांगिड़, पूर्व देहात महामंत्री नरेंद्र मीणा सहित समाज के भामाशाह व गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

## टाइनी टोट्स स्कूल का पच्चीसवां वार्षिकोत्सव आयुर्वेद कालेज के सभागार में धूमधाम से मनाया




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** टाइनी टोट्स स्कूल का पच्चीसवां वार्षिकोत्सव आयुर्वेद कालेज के सभागार में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। स्कूल की प्रिंसिपल कामना पुंजावत द्वारा वर्ष भर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए स्कूल द्वारा की गई प्रगति का उल्लेख किया। यूकेजी की छात्राओं द्वारा मनमोहक सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। नर्सरी के बच्चों ने बूम बूम एवं मारिया पिताचे गीत पर दर्शकों की वाह वाही लूटी। एलकेजी के छात्रों ने विभिन्न राज्यों के फ्यूजन की जोरदार प्रस्तुति दी। नर्सरी के बच्चों ने एक लघु नाटक द्वारा स्वस्थ रहने हेतु हेल्थी एवं जंक फूड की महत्वपूर्ण जानकारी दी। यूकेजी के छात्रों ने पुराने गीतों पर मोनो डांस कर दर्शकों की तालियां लूटी। यूकेजी की छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से सभी को देशभक्ति की भावनाओं से ओत प्रोत कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रिया मोगरा, डायरेक्टर मोगरा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज ने कार्यक्रम की सहारना करते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया एवं आशीर्वचन दिया।

## पी.एम.श्री राउमावि बड़ोदिया में स्वेटर वितरण

# भामाशाहों ने किया पीएमश्री बड़ोदिया में 210 छात्रों को गर्म वस्त्र वितरण



● पदमावत मीडिया

**बांसवाड़ा।** जिले के पी.एम.श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ोदिया में बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड लाइन 1098 के जिला समन्वयक कमलेश बुनकर एवं एक अन्य भामाशाह के सहयोग से कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत 210 छात्र-छात्राओं को सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर एवं स्टेशनरी वितरण किया गया। विद्यालय में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान अनुभूति जैन ने, मुख्य अतिथि सरपंच रमेश डोडियार एवं विशिष्ट अतिथि उप प्रधानाचार्य बापूलाल गर्ग, सुरेश सोनी, कमलेश बुनकर, एस.एम.सी. अध्यक्ष हरीश रावत व अविनाश चौबीसा थे। अतिथियों का शब्द सुमन से स्वागत अनुभूति जैन ने किया। कार्यक्रम के दौरान कुबेर पटेल, संगीता जैन, पवन जोशी, दीपक ठाकुर, प्रियंका आमलियार, सीमा मईड़ा, पंकज पाटीदार, अनिल शुक्ला एवं राकेश जोशी सहित स्टाफ उपस्थित रहा। स्वेटर वितरण कार्यक्रम का संचालन पवन जोशी ने एवं आभार उप प्रधानाचार्य बापूलाल गर्ग ने माना।

## जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन महिला कार्यकारिणी का गठन

# पिंकी चौहान जिलाध्यक्ष, कौशल्या व सलोनी उपाध्यक्ष मनोनीत







● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी के निर्देशन में सोमवार को जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी एवं संरक्षक एडवोकेट निर्मल पण्डित ने जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन का विस्तार करते हुए पिंकी चौहान को जिलाध्यक्ष, कौशल्या सालीव व सलोनी कुमावत को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने कहां कि इस संगठन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता, चिकित्सा सेवा, पर्यावरण की रक्षा एवं महिला उत्थान को लेकर अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर इनका प्रात्सोहन करना है। इस नए संगठन से मानव सेवा एवं बच्चों की शिक्षा व चिकित्सा को मुख्य लक्ष्य मानकर सेवा कार्य किया जाएगा। साथ ही सर्व समाज को शिक्षा में आगे बढ़ाना, युवाओं को रोजगार में मदद करना, सरकारी की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना, असहाय, गरीबों को आगे बढ़ाने, बिखरा हुए सर्व समजजनों को एक माला में पिरोने का कार्य करेंगे। साथ ही समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इ दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी, संरक्षक निर्मल पण्डित, राष्ट्रीय सचिव मोहनलाल सुथार, कोषाध्यक्ष प्रेमकुमार सुथार, उपाध्यक्ष लालचंद खटीक, मंत्री राजेश कुमार खटीक, उप सचिव भरत कुमार रेगर व जिलाध्यक्ष जसवंत तेली, प्रदेशाध्यक्ष मनीष पोखरना, महिला विंग प्रदेशाध्यक्ष संतोष तंवर, युवा जिला अध्यक्ष हैप्पी सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष अरूण वैष्णव, पिलादर क्षेत्रिय अध्यक्ष भगवतीलाल मीणा, मीडिया प्रभारी शुभम आगाला, जिला उपाध्यक्ष विष्णु चंदेल, सलूम्बर जिला उपाध्यक्ष कैलाश कलाल, संगठन मंत्री खेमराज पटेल, सलूम्बर जिलाध्यक्ष अनिल सुथार, जिला उपाध्यक्ष नाथूलाल धनघर आदि मौजूद रहे।

## अवैध हथियारों के विरुद्ध मध्यप्रदेश पुलिस की लगातार कार्रवाही जारी

# धार, खरगोन और छतरपुर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध हथियार फैक्ट्रियों और तस्करों पर शिकंजा

### विगत एक माह में 122 आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में हथियार व कारतूस बरामद

● पदमावत मीडिया



**भोपाल।** पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा के निर्देशन में मध्यप्रदेश पुलिस अवैध हथियारों के निर्माण और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इन निर्देशों के परिपालन में धार, खरगोन और छतरपुर जिलों में पुलिस ने हाल ही में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार फैक्ट्रियों और तस्करों पर शिकंजा कसा है। पुलिस ने इन जिलों में कार्रवाही कर विगत एक माह में 122 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही इन आरोपियों से 24 देशी पिस्टल एवं 23 देशी कट्टे, 47 अवैध फायर आर्म्स, 02 मैग्जीन, 118 कारतूस जप्त किए हैं।

### जिलो द्वारा की गई कार्रवाही

खरगौनः खरगौन पुलिस टीम ने विगत एक माह में 24 पिस्टल, 7 देशी कट्टे, 6 अवैध फायर आर्म्स तथा दो कारतूस सहित 12 आरोपियों को पकड़ा है।

**धारः** धार पुलिस ने हथियार (पिस्टल, देशी कट्टे व कारतुस) बनाने वाली फैक्ट्री पर दबिश देकर 16 देशी 12 बोर के कट्टे, 06 अधबनी पिस्टल, 02 मैग्जीन, दो जिन्दा कारतूस और हथियार निर्माण के भारी मात्रा में उपकरण जप्त किये हैं तथा चार सिकलीगर को गिरफ्तार किया है।

**छतरपुरः** इसी प्रकार छतरपुर पुलिस ने विगत एक माह में कार्रवाही कर 41 आग्नेय शस्त्र तथा 116 कारतूस के साथ 106 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सिर्फ हथियार बरामदगी तक सीमित न रहते हुए आदतन अपराधियों के विरुद्ध और रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) जैसी सख्त धाराओं में कार्रवाही की है। साथ ही, पुलिस अपराध में लिप्त लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भी प्रयासरत है। साथ ही, पुलिस द्वारा यह भी प्रयास किया जा रहा है कि समुदाय के लोगों को अपराध छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जाए। इस तरह की पहल न केवल अपराधों पर लगाम लगाएगी, बल्कि समुदाय के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी सहायक होगी।

## सिवाना सेवा समिति अहमदाबाद का स्नेहमिलन समारोह हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न



● पदमावत मीडिया

**अहमदाबाद।** राजस्थान प्रान्त के गढ़सिवाना नगर के जैन समाज के प्रवासी बंधुओ के संगठन सिवाना सेवा समिति का स्नेहमिलन रविवार 22 दिसंबर को गांधीनगर स्थित महावीर जैन आराधना केन्द्र , कोबा तीर्थ में आयोजित हुआ जिसमे प्रवासियों ने उत्साह व उमंगपूर्वक भाग लिया। समिति के सचिव मुकेश आर.कंकुचौपडा ने बताया कि सर्वप्रथम महावीर स्वामीजी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के विशेष अतिथि हिमांशु भाई शाह (जीतो एपेक्स वाइस चेयरमैन ) गौतमचंद चौधरी ( मैनेजिंग डायरेक्टर सेन्स्टार ग्रुप) डॉ. हसमुख भाई अग्रवाल (डायरेक्टर रेशम बाई हॉस्पिटल) स्नेहमिलन लाभार्थी बाबुलालजी सोनमलजी बालड़ , सिवाना सेवा समिति अहमदाबाद के अध्यक्ष अमीत बालड, निवर्तमान अध्यक्ष ~ दिनेश श्रीश्रीमाल , कोषाध्यक्ष रणजीत कानुंगा , संयोजक ~ पराग बागरेचा, ललित रांका , नरेन्द्र जिन्नाणी ने दीप प्रज्वलन कर मंच पर स्थान ग्रहण किया व नमस्कार महामंत्र के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अध्यक्ष अमीत बालड ने स्वागत संबोधन दरम्यान सभी आगन्तुकों का स्वागत कर संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात सभी अतिथिगणों व स्नेहमिलन के लाभार्थी बाबुलालजी , जगदीशजी , ललितकुमारजी , रमेशकुमारजी बालड़ परिवार का बहुमान किया गया। कार्यक्रम दरम्यान संघवी माणकचन्दजी ललवानी का समाज व शासन में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सिवाना रत्न सम्मान से सम्मानित कर अभिनंदन किया गया । कार्यक्रम का अभूतपूर्व सुंदर मंच संचालन ख्याति मेहता , निखिल कानुंगा , भूमि बागरेचा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# हनुमान प्रसाद परिहार को राष्ट्रीय स्वाभिमान रत्न से सम्मानित

● पदमावत मीडिया

जगमालसिंह राजपुरोहित मोदरान



**जालोर।** सोमवार को गायत्री शक्तिपीठ परिवार द्वारा आयोजित 24 कुण्डीय महायज्ञ के द्वितीय दिवस आयोजन के दौरान हनुमान हिन्दू शक्ति सेवा संस्थान द्वारा हनुमान प्रसाद परिहार को राष्ट्रीय स्वाभिमान रत्न देकर सम्मानित किया गया हनुमान प्रसाद परिहार द्वारा सनातन धर्म एवं गौ रक्षा के लिए किए जा रहे कार्य को देखते हुए हनुमान हिन्दू शक्ति सेवा संस्थान के राष्ट्रीय सचिव प्रयागा नंद सरस्वती महाराज द्वारा राष्ट्रीय स्वाभिमान रत्न देकर सम्मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर दुदवा ठाकुर सज्जनसिंह राठौड़ सुंदेलाव तालाब बालाजी मंदिर के महन्त पवन पुरीजी महाराज पंडित पवन दाधीच जेठुसिंह राजपुरोहित सिराणा रणजीत सिंह राजपुरोहित सांकरणा गोपालसिंह राजपुरोहित सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे। वही मोदरान जिला जालोर से जगमालसिंह राजपुरोहित को राष्ट्रीय प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। उक्त जानकारी प्रयागा नंद सरस्वती महाराज राष्ट्रीय सचिव हनुमान हिन्दू शक्ति सेवा संस्थान द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया।

# पार्श्वगायक मोहम्मद रफ़ी को सुरों की मंडली के सुर साधकों ने दी गीतों की संगीतमयी श्रद्धांजलिः माधवानी

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** शहर के संगीत प्रेमियों और सुर साधकों की संस्था सुरों की मंडली ने महान पार्श्वगायक मोहम्मद रफ़ी के 100वें जन्मदिन को एक विशेष संगीतमय अंदाज में मनाया। इस अवसर पर रफ़ी साहब द्वारा गाए गए मशहूर गीतों की प्रस्तुति देकर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुरों की मंडली के संस्थापक मुकेश माधवानी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। यह आयोजन पूरी तरह से संगीत साधकों और प्रेमियों के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक और संरक्षक मुकेश माधवानी ने की तथा मुख्य अतिथि पुनीत सक्सेना और विशिष्ट अतिथि निधि सक्सेना थीं। कार्यक्रम संयोजक पुरुषोत्तम शाकद्वीपीय और वीनू वैष्णव ने बताया कि पांच घंटे चले इस संगीतमय सफर में 25 से 75 वर्ष की आयु के 60 से अधिक कलाकारों ने हिस्सा लिया। हर प्रस्तुति ने श्रोताओं को मोह लिया और मोहम्मद रफ़ी के सुरीले सफर की यादों को ताज़ा कर दिया। कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश गंधर्व, निखिल माहेश्वरी, गोपाल गोठवाल, योगेश उपाध्याय और इंजी. सी. पी. जैन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन नूतन वेदी और चेतना जैन ने कुशलता पूर्वक किया। वहीं महेंद्र कुमार चावला द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था की गई, जिसने आयोजन को और भी आनन्दमय बना दिया। प्रोग्राम डायरेक्टर ईश्वर जैन कौस्तुभ ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और उपस्थित दर्शकों का आभार जताया।

## रोटरी के 11 क्लबों द्वारा मेंबरशिप सेमिनार का आयोजन

# लीडर वहीं जो दूसरों को लीडर बनाए : पीडीजी राजेश अग्रवाल



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** रोटरी के 11 क्लबों के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर की ओर से ओरिएंटल पैलेस में मेंबरशिप सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें उदयपुर के विभिन्न रोटरी क्लबों की भागीदारी रही। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजेश अग्रवाल (जोन 4 कोऑर्डिनेटर) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रोटरी क्लब उदयपुर मीरा की अध्यक्ष प्रीति सोगानी ने बताया कि आरसीयू मेवाड़, अचिर्वस, अशोका, वसुधा, एलिट, दृष्टी, उद्यम, मीरा, उदय, सुर्या एवं रोटरी क्लब पन्ना की मेजबानी में सेमिनार का आयोजन हुआ। उद्देश्य रोटरी की सेवा भावना और कार्यक्षेत्र की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। मुख्य वक्ता राजेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जो ÷सर्विस अबोव सेल्फ÷ की थीम पर कार्य करता है। उन्होंने बताया कि रोटरी का मुख्य उद्देश्य फेलोशिप और सेवा है। रोटरी वर्तमान में 524 जिलों, लगभग 37,000 क्लबों और लगभग 12 लाख सदस्यों के साथ पूरी दुनिया में सक्रिय है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि रोटरी के सात प्रमुख क्षेत्रों में कार्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिससे सभी उपस्थित सदस्य लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं रतन पामेचा के सितार वादन और विजयलक्ष्मी गलूंडिया एवं समूह द्वारा प्रस्तुत रोटरी वंदना से हुआ। इस अवसर पर रोटरी क्लब सुर्या की अध्यक्षा पूनम अग्रवाल एवं रोटरी वसुधा की अनुपमा ने रोटरी की चतुर्मुखी कसौटी का वाचन किय। रोटरी क्लब मेवाड़ के पूर्व अध्यक्ष हंसराज चौधरी ने रोटरी की सेवाओं पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में पूर्व प्रांतपाल मनीष गलुंडीया, पूर्व सहायक प्रांतपाल संदीप सिंघटवाडिया, प्रीति सोगानी व शालिनी भटनागर की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के सफल संचालन में शालिनी भटनागर एवं कविता बल्दवा ने किया। धन्यवाद नीलम द्विवेदी द्वारा ज्ञापित किया गया। सेमिनार में रोटरी क्लब उदयपुर मेवाड़, रोटरी क्लब पन्ना, अचीवर्स उदय सहित अन्य क्लबों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर मधु सरीन, पुष्पा कोठारी, रेखा सोनी, बृजराज राठौर, और राजकुमारी गांधी जैसे कई प्रमुख सदस्य भी उपस्थित रहे।




**शोक संदेश/उठावणा**

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय आदरणीय

**डॉ. गिरीश नाथ माथुर**

(सेवानिवृत प्रोफेसर जनार्दन राय नागर विश्वविद्यालय)

का आकस्मिक निधन दि. 22.12.2024 को हो गया है। **उठावणा** (दोनों पक्षों का सामुहिक) दिनांक 24.12.2024 को सायं 4:30 बजे **श्री चित्रगुप्त सभा भवन, प्लॉट नं. 1050, (अटल सभागार से. 4 के निकट)** में रखा गया है।

शोकाकुल परिवारः **शिरीष नाथ माथुर–अनुराधा** (पुत्र-पुत्रवधू), **डॉ. दीपा–डॉ विकास** (पुत्री-दामाद), **समन्वी** (पौत्री), सरस्वती-स्व. अर्जुन स्वरूप मीनावत, स्व. मनोरमा-स्व. सूरज नारायण (बहन-बहनोई), स्व पूर्ण नाथ माथुर-किरण, हरीश नाथ-राजेश्वरी, सुरेंद्र नाथ-चन्द्रसखी (भाई-भाभी), हिमांशु-डॉ. नीति, मयंक-कोमल, पुनीत-नूपुर, (भतीजा-भतीजा वधू), दीप्ति-क्रिस्टोफर (भतीजी -दामाद), राजीव-निशा (भांजा-भांजा वधू), कांता-शिव नारायण, रजनी-बृजेंद्र जी, शालिनी-ऋषि जी (भांजी-दामाद), नवीन-शुचि (भांजा-भांजावधू), कनिष्क, शौर्य (दोहिते), अर्हम, आरव, गौरांश, कियांश (पौत्र)।

**ससुराल पक्ष :** चरण रूप, शरण रूप-शकुंतला, स्व. आनंद- संतोष, सुदेश रूप राय- इंदु (साला-सलहज), स्व. मंजू- ज्ञानस्वरूप (साली-साढू), अवधेश-दिव्या, अनिरुद्ध -मीनल, सुदेंदु-विशाखा (साला पुत्र-वधू), एकता- सुकृत (साला पुत्री-दामाद) एवं समस्त माथुर परिवार।

**नोट – उठावणे के पश्चात कोई भी औपचारिक बैठक नहीं रखी गई है।**
**निवास स्थान– 1 ग 41, गायत्री नगर, हिरण मगरी, से.–5, उदयपुर**
**मो. 9015941056, 9352799752, 9001441056**



स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित। मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।